## एक नजर में

### युवा संगम अंतर्गत संयुक्त रोजगार एवं स्वरोजगार मेले में 88 प्रतिभागी हुए चयनित

**रतलाम।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रतलाम में युवा संगम अंतर्गत संयुक्त रूप से रोजगार मेला, स्वरोजगार मेला का अयोजन हुआ। जिसमे भाग लेने वाली कुल 16 कंपनियों द्वारा निर्धारित मापदंड एवं इंटरव्यू के उपरांत कुल 88 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया, जिसमें से 3 कंपनियों द्वारा 23 प्रतिभागियों को अप्रेंटिसंशिप हेतु चयनकिया गया । चयनित प्रतिभागियों को संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक एच. के. बाथम द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किये गये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई ।जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जिला रतलाम की प्रबंधक श्रीमती आयुषी बैरागी एवं सहायक प्रबंधक विजेंद्र आचार्य द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, , पीएम स्वनिधि योजनाओं के कुल 475 .85 लाख की राशि के स्वीकृत लोन के 131 स्वीकृति पत्र भी हितग्राहियों को वितिरत किये गये तथा जिले में संचालित लोन से संबंधित समस्त योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई । संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक एच. के. बाथम द्वारा उपस्थित युवक युवतियों को आत्म निर्भर होने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया, साथ ही अधिक मेहनत कर उच्च पद की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया, मंच संचालन संस्था के वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी एस. के. गौतम द्वारा तथा आभार आजीविका मिशन के अमरसिंह तोमर, संस्था के प्रफुल्ल सोनारकर तथा जिला रोजगार कार्यालय के अनुप खटवानी द्वारा व्यक्त किया गया ।

### आज से 609 वें उर्स मुबारक का हुआ आगाज

**रतलाम।** हजरत शाह बदीउद्दीन जिन्दा शाह मदार रेह. अलै. के चिल्ला मुबारक पर ब-मुकाम मदार चिल्ला शैरानीपुरा, रतलाम पर 609 वां उर्स मुबारक का आजरिति रिवाज से आगाज हुआ । 5 दिवसीय उर्स का आयोजन 10 तक आयोजित होगा ।शेख कुरैशी कमेटी मदार चिल्ला शैरानीपुरा, रतलाम अध्यक्ष सईद कुरैशी ने बताया कि हज़रत शाह बदीउद्दीन जिन्दा शाह मदार रेह. अलै. के चिल्ला मुबारक पर 609 वां उर्स मुबारक का आगाज जुमेरात कुरान ख्वानी, गुस्ल कर संदल किया गया ।आस्ताने आलिया पर दोपहर 3 बजे तबरूक पेश की गई । 7 को हलकाऐ जिक्र शरीफ बाद नमाजे ईशा साबरी कमेटी द्वारा । 8 को बाद नमाजे ईशा नुरानी तकरीर आयोजित होगी । 9 को दोप. 2 बजे गौसिया कमेटी की जानिब से आस्ताना ए आलिया पर चादर पेश कर खीर का तबररूक पेश किया जाएगा, इसके पश्चात दोप. 4 बजे शैरानिया अखाड़ा द्वारा लंगर का आयोजन होगा ।शेख कुरैशी उर्स कमेटी की जानिब से शाम 5 बजे चादर शरीफ का जुलुस निकलेगा जो शहर का गश्त कर आस्ताना-ए-आलिया पर चादर पेश की जावेगी ।वहीं रात्री में मध्यप्रदेश ऊर्दू अकेडमी द्वारा मुशायरा एवं कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 10 नवम्बर सोमवार को सुबह 10 बजे इकबाल रमजान फरीदी साबरी एवं पार्टी जावरा द्वारा मेहफिले सीमा का आयोजन किया जाएगा तथा 11 बजे जश्ने गौसिया कमेटी द्वारा लंगर (भण्डारे) के आयोजन के साथ ही 5 दिवसीय उर्स का समापन होगा ।

### गेहू का निर्यात शुरू किया जाए: चपडोद

**जावरा।** पूर्व मंडी डायरेक्टर एवं पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष धरमचंद चपडोद ने केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री से मांग की है की गेहू का निर्यात शुरू किया जाए ।निर्यात नहीं होने से गेहू के भाव काफी नीचे आ चुके है ।अधिकांश किसान अच्छे भाव की आस में अपना पूरा गेहू सीजन के समय मंडी नीलाम मे नहीं लगाते हुए बाद में भाव अच्छे मिलने कि आस मे बेठे थे।लेकिन वर्तमान में भाव सीजन से भी कम है।सरकार की गेहू को लेकर स्पष्ट निति नहीं होने से किसानो को काफी दिक्कत देखना पड रही है।चपडोद ने माँग की है की किसान हित में केंद्रय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान व प्रदेश के मुख्यमंत्री इस और ध्यान दे व गेहू का निर्यात जो बंद है उसे तुरंत चालू करवाया जाए।जिससे किसानो को रहत मिल सके।

# निगम सम्मेलन में हंगामा, कांग्रेस पार्षदों ने बाहर दिया धरना

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सात माह बाद आयोजित हुए निगम का सम्मेलन हंगामेंदार रहा। कांग्रेस पार्षदों ने शहर विकास के मुद्दे शामिल नहीं करने का आरोप लगाया और विरोध जताया। वहीं कांग्रेस के पार्षदों ने निगम के बाहर जमीन पर बैठकर धरना तक दे दिया।

**कांग्रेस पार्षदों ने शहर विकास के मुद्दे शामिल नहीं करने का लगाया आरोप, विरोध जताया**



गुरुवार को नगर निगम का साधारण सम्मेलन निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मनोज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जैसे ही नगर निगम का सम्मेलन शुरू हुआ वैसे ही कांग्रेस पार्षदों ने एजेंडे को लेकर जमकर अपना विरोध जताया। कांग्रेस पार्षदों का आरोप था कि एजेंडे में राष्ट्रीय स्तर के मुद्दे लिए गए हैं, और शहर विकास जुड़े एक भी मुद्दे को शामिल नहीं किया गया है। इस मुद्दे को लेकर दो पार्षद सम्मेलन से बाहर भी निकल गए और नगर निगम के बाहर सड़क पर बैठकर अपना विरोध जताया। सम्मेलन की शुरुआत में प्रश्न कल के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों पक्ष के पार्षदों ने अपने सवालों से अधिकारियों को घेरा। अमृत 2 योजना में काम नहीं होने और भुगतान करने का आरोप कांग्रेस पार्षदों ने लगाया। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि भुगतान होना बाकी है। शहर में पिछले दिनों कई क्षेत्रों में जलप्रदाय नहीं होने और पाइपलाइन के कार्य के पूर्ण नहीं होने के मुद्दे को भी पार्षदों ने उठाया। भाजपा पार्षद परमानंद योगी ने अपने वार्ड में सफाई व्यवस्था पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए फर्जी सफाई गैंग चलाने का आरोप भी लगाया। इस पर स्वच्छता प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बीच में खड़े होकर कहा कि 15 लोगों की टीम लगाई जाती है। पार्षद परमानंद योगी ने कहा कि एक भी पार्षद से लिखकर ले लो, यदि कोई लिखकर दे दे कि उनके वार्ड में 15 लोगों की गैंग आई है। इसके बाद नगर निगम के एक अधिकारी ने ही स्वच्छता प्रभारी को चुप रहने और बैठ जाने का इशारा किया। भाजपा पार्षद शक्ति सिंह राठौड़ ने कचरा निष्पादन का मुद्दा उठाया। इस पर निगम आयुक्त अनिल भाना ने जवाब दिया। कांग्रेस पार्षदों ने जब एजेंडे पर पर चर्चा के दौरान अपने वार्ड के विकास के मुद्दे उठाए तो निगम अध्यक्ष ने पहले एजेंडे पर चर्चा करने की बात कही। कांग्रेस पार्षदों के विरोध जताने पर निगम अध्यक्ष ने कहा कि एजेंडे पर चर्चा के बाद सभी को वार्डों के विकास कार्यों के मुद्दे पर बोलने के लिए पर्याप्त समय दिया जाएगा। सम्मेलन में निगम आयुक्त अनिल भाना, उपायुक्त, सभी विभागों के प्रभारी सहित महापौर परिषद सदस्य भगत भदोरिया, पार्षद श्रीमती निशा पवन सोमानी, धर्मेन्द्र रांका, रणजीत टांक सहित पक्ष-विपक्ष के पार्षद मौजूद थे।

**ज्वलंत समस्या पर चर्चा करने से भाग रही है भाजपा**



नगर निगम के सम्मेलन में स्थानीय मुद्दों के स्थान पर राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा कराने के विरोध में कांग्रेस पार्षद सलीम मोहम्मद बागवान तथा निर्दलीय पार्षद श्रीमती उमा रामचंद्र डोई ने परिषद के सम्मेलन का बहिष्कार कर नगर निगम के मुख्य गेट के बाहर चार घंटे तक धरना दिया। सलीम मोहम्मद बागवान ने बताया कि शहर के नलों में आ रहे पानी में सीवर की गंदगी मिल रही है ।सिवरेज के सारे चैंबर ओवरफ्लो होकर सड़कों पर गंदगी का सागर बह रहा है, सड़के टूट गई है, खंडहर जैसी हो गई है, और लगातार एक्सीडेंट हो रहे है, आवारा कुत्ते रोज 20 लोगों को काट रहे हैं, आदि कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा करने के स्थान पर वन नेशन वन इलेक्शन, जीएसटी रिफॉर्मेशन, आत्म निर्भर भारत पर चर्चा कर रहे हैं ।यह महापौर के मानसिक दिवालीयेपन का प्रतीक है ।महापौर अगर समस्या पर चर्चा नहीं कर सकते तो उन्हें त्यागपत्र दे देना चाहिए ।चार घंटे तक चला यह धरना पूर्व शहर अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ कि इस लड़ाई को हर स्तर पर लड़ा जाएगा ।इस अवसर पर महेंद्र कटारिया ने कहा कि जिन मुद्दों पर संसद बहस कर रही है, जो जेपीसी के अंदर चर्चा में हैं, उन मुद्दों पर नगर निगम में बहस करना, महापौर का जनता की समस्याओं से भागकर कर अपनी कमजोरी दिखाना हैं ।महापौर समस्या को हल करने में अक्षम है ।कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह अठाना ने कहा कि सलीम मोहम्मद बागवान और उमा ड़ोई ने जो कदम उठाया है, वह रतलाम की जनता के लिए हितकारी होगा ।उन्होंने कहा कि स्थानीय ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए, उनके निदान पर चर्चा होनी चाहिए, क्या योजना बने, उस पर चर्चा होनी चाहिए, ना की राष्ट्रीय मुद्दों पर ।इस अवसर पर नगर निगम पार्षद दल के उप नेता कमरुद्दीन कछवाय, पीयूष बाफना, सोनू व्यास, अल्पु नागोरी, धर्मेंद्र मंडवारिया, चिराग भंडारी, आदि कई कार्यकर्ता एवं शहर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे ।

## ऑल इंडिया रेलवे अकाउंट्स एसोसिएशन का 9 से सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** ऑल इंडिया रेलवे अकाउंट स्टाफ एसोसिएशन की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक एवं द्विवार्षिक सम्मेलन में 9 एवं 10 नवंबर को रतलाम में होगा।

**दो दिसवीय सम्मेलन को लेकर पोस्टर का विमोचन**



भारतीय रेलवे के विभिन्न झोन के लेखा पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि ऑल इंडिया रेलवे अकाउंट स्टाफ एसोसिएशन की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक एवं द्विवार्षिक सम्मेलन में उपस्थित होंगे। एसोसिएशन के कम्युनिकेशन सेक्रेटरी प्रकाश व्यास ने बताया कि 9 नवंबर को प्रातः 11 बजे दो बत्ती स्थित एक होटल में केंद्रीय कार्य समिति की बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष पी पार्थो भट्टाचार्य कोलकाता महामंत्री रेजी जॉर्ज मद्रास की उपस्थिति में संपन्न होगी ।वित्तीय सलाहकार डॉ निर्मल देव एच, सहित एन चंद्रशेखर, ज्ञानसिंह सिसोदिया, किशोर हेगडे,एवं दिल्ली, तमिलनाडु, नागपुर, सोलापुर, मुंबई, चंडीगढ़ के प्रतिनिधि सदस्य उपस्थित रहेंगे। 10 नवंबर को प्रातः 11 बजे द्विवार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ होगा। गुरुवार को वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक नूपुर चौधरी आईआरएएस की उपस्थिति में अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक कृष्ण कुमार, एम एल डबरिया एसोसिएशन रतलाम मंडल के अध्यक्ष आफाक हुसैन अंसारी मंडल मंत्री अनिल जैन कार्यकारी अध्यक्ष तुषार हाड़ा मंडल कोषाध्यक्ष दिलीप कानूनगो, पदाधिकारी दिलीप साहू, एम एल मीणा, शंकर, ओम प्रकाश शर्मा ,हृदेश चौहान ,भूषण बर्वे आदि उपस्थित थे।

## कार में पिस्टल और जिंदा कारतूस लेकर घूमते हुए एक गिरफ्तार

**रतलाम।** जिले की पुलिस लगातार अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ में लगी हुई है। शहर के औद्योगिक थाना क्षैत्र अंतर्गत पुलिस ने एक आरोपी को अवैध पिस्टल और जिन्दा कारतूस के साथ कार में घूमते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस अवैध हथियार के बारे पूछताछ में जुटी हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस को गुरुवार मुखबिर से सुचना मिली की विरियाखेड़ी में एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सुचना के आधार पर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान टेंचिंग ग्राउण्ड व विरियाखेड़ी के मध्य आम रोड़ पर एक हुण्डई कार क्रमांक ङ्क स्क्क-43-ष्ट-4810 के चालक यशवंत कुमार उर्फ मुकेश पिता राधेश्याम शर्मा 42 वर्षीय निवासी मोहन नगर को रोका और तलाशी ली। तलाशी लेने पर आरोपी से अवैध पिस्टल व एक जिन्दा राउण्ड मिलने पर पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी से अवैध पिस्टल के लाइसेंस के बारे में पूछने पर नहीं होना बताया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी से अवैध पिस्टल के बारे बारे पूछताछ शुरू कर दी है। पिस्टल के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षैत्र रतलाम निरीक्षक सत्येन्द्र रघुवंशी, उनि ध्यानसिंह सोलंकी, प्रधान आरक्षक तपेश गोसाई, आरक्षक जोय बारिया, आरक्षक दुर्गालाल गुजराती ,आरक्षक राणाप्रताप मईड़ा की सराहनीय भूमिका रही।

### छठी महोत्सव पर होंगे आयोजन

**रतलाम।** न्यू रोड़ स्थित दादी कुंदी दरबार में सांई श्री मनीष लाल जी (भरूच वाले) के सानिध्य में 10 नवम्बर को श्री गुरुनानक देवजी का छठी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। यह पर्व श्री गुरूनानक जयंती के छठवें दिन मनाया जाता है । महोत्सव का शुभारम्भ 8 नवम्बर को आसा की वार, सबद कीर्तन, श्री अखण्ड पाठ साहिब आरंभ, 9 नवम्बर को आसा की वार, सबद कीर्तन ज्ञानी मानसिंह द्वारा 10 नवंबर को छठी का कार्यक्रम सांई श्री मनीष लाल जी (भरूच वाले) के सानिध्य में भव्य बहिराणा का आयोजन सम्पन्न होगा तथा गुरू का लंगर दोपहर 12.15 से 2.25 तक होगा। समिति अध्यक्ष राम लालचंदानी, मुरली फुलवानी, लालचंद गुरयानी, महेश धनवानी, हरिश पंजवानी, हेमंत, गणेशवानी, रतन हंसराजानी, राहुल जसूजा, उत्तम छाबड़ा आदि ने धर्म लाभ लेने की अपील की।

## रतलाम जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष बने मयंक जाट

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के लिए इस बार ऑनलाईन वोटिंग हुई थी। इसके बाद गुरूवार को परिणाम घोषित हुए। इसमें रतलाम जिले में मयंक जाट ने एक बार फिर जीत हासिल की।

**मध्यप्रदेश में युवा कांग्रेस चुनाव के नतीजे घोषित**





रतलाम में जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद हेतु दो दावेदार थे। मयंक जाट व रवि कुमार । इस चुनाव में दूसरी बार निर्वाचित हुए है मयंक जाट को 9 हजार 523 वोट मिले है। वहीं रवि कुमार को 1 हजार 969 वोट मिले हैं। मयंक जाट पूर्व में महापौर प्रत्याशी रहे है और वर्तमान में वही जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष है। रवि कुमार आलोट विधानसभा के बड़ावदा ब्लॉक के गाव पाताखेड़ी के सरपंच है । वहीं शहर विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए सैय्यद उसद निर्विरोध अध्यक्ष बने। तथा शहर के चारों ब्लॉक अध्यक्ष के लिए किसी ने भी आवेदन नहीं किया है। रतलाम ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए देवेन्द्र सिंह सेजावता निर्वाचित हुए हैं। देवेन्द्र सिंह सेजावता को 1 हजार 696 वोट प्राप्त हुए है। सेजावता को मयंक जाट का समर्थन प्राप्त था। इनके सामने अनिल कटारिया को 615 वोट मिले हैं। रतलाम ग्रामीण में चार ब्लॉक अध्यक्ष पद के चुनाव में 3 ब्लॉक रतलाम ग्रामीण ब्लॉक में ओपी प्रजापत, नामली ब्लॉक में अरुण जाट व मुंदडी ब्लॉक अध्यक्ष पद सोनू गुर्जर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। एक ब्लॉक बिलपांक में बलराम परमार निर्वाचित हुए है ।

**अंतिम चुनाव 2020 में हुए थे**

इस बार युवा कांग्रेस की चुनाव पक्रिया ऑनलाईन वोटिंग के माध्यम से हुई। चुनाव पक्रिया एक महीने से चली। उम्र दायरे के अनुसार 18 से 35 वर्ष के कोई भी व्यक्ति सदस्य बनेगा। फिर तत्काल वोट भी कर सकते हैं। एक सदस्य 6 वोट करे थे। प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव पिछली बार 2020 में हुए थे।



## कलेक्टर ने खाद वितरण की समीक्षा की

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** रबी सीजन में किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में समीक्षा की । बैठक में , जिला विपणन अधिकारी श्री यशवर्धन सिंह , उप संचालक कृषि श्रीमती नीलम चौहान, उपायुक्त सहकारिता एन एस भाटी महाप्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक आलोक जैन , सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरक का वितरण सुनिश्चित करें ।

## ओआरएस शब्द वाले भ्रामक पेय पदार्थों बाजार में बेचे जा रहे

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** फूड लाइसेंस प्राप्त पेय पदार्थों के ट्रेडमार्क या ब्रांड नाम पर ओआरएस शब्द (उपसर्ग, प्रत्यय अथवा किसी भी रूप में) के प्रयोग को भ्रामक पाया है। इस कारण ऐसे उत्पादों के निर्माण पर 14 अक्टूबर से प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ प्रमाणित ओआरएस पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा 4 नवंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारीयों द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश गुप्ता द्वारा श्री राम मेडिकल एजेंसी से एक ड्रिंक का नमूना, पाथरीया मेडिकल एजेंसी से ड्रिंक एवं विनायक इंटरप्राइजेज, रूनवाल मेडिकल 65 रतलाम गेट जावरा जिला रतलाम से, लक्की मेडिकल दो रतलामी गेट जावरा से , आरोग्यम मेडिकल महेंद्र प्रताप मार्ग ताल से, जाट मेडिकल स्टोर बस स्टैंड सैलाना जिला रतलाम से, अंबिका मेडिकल एंड जनरल स्टोर सदर बाजार सैलाना से एक ड्रिंक का नमूना लिया गया ।


**खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की कार्रवाई**



शिकायत मिलने पर 5 नवंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा शुद्ध दही भंडार चौमुखी पुल रतलाम से घी के दो नमूने एवं पनीर व दही का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। इसी प्रकार डोमिनो पिज्ज़ा में कीड़ा निकालने की शिकायत पर पनीर, पिज़्ज़ा एवं पनीर कैप्सिकम पिज़्ज़ा के नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही फर्म बघेल फन एंड फूड से बेकर्स पार्क का नमूना जांच हेतु लिया गया। सभी नमूने जांच हेतु भोपाल स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जाएंगे ।जहां से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। आगे भी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## राजेंद्रसुरिश्वर महाराज की 200 वीं जन्म शताब्दी निमित्त चित्र प्रदर्शनी 12 को

**जावरा।** श्री राजराजेंद्र सुरीश्वर प्रतिष्ठान गुरु धाम कात्रज पूना के तत्वाधान में एवं ज्योतिष रत्न डॉ लाभेश विजय मसा की सद प्रेरणा से संपूर्ण भारत भर में निकली चित्र प्रदर्शनी रथ यात्रा का जावरा नगर में भव्य आगमन होने जा रहा है। चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन 12 नवम्बर बुधवार को प्रातः 9:30 बजे जैन पंचायती नोहरा पिपली बाजार पर होगा। प्रदर्शनी प्रातः 9.30 से रात 9 बजे तक श्रद्धालुओ के लिए खुली रहेगी। गुरुदेव राजा राजेन्द्रसुरी के 2027 में जन्म के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण भारत के जैन कलाकारों के हस्त निर्मित 421 चित्र प्रदर्शनी में दर्शनार्थ रखे जाएगे। संध्या 7:30 बजे रथयात्रा में विराजित गुरुदेव की प्रतिमा के समक्ष भव्य आरती का आयोजन होगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन संघ अध्यक्ष श्री प्रकाश चोरडिया, धरमचंद्र चपडोद, अशोक लुक्कड, कमल नाहटा, राजेन्द्र राठोड, अभय चोपडा, महेंद्र ओरा, विनोद वरमेचा, मोतीलाल चपडोद द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी आयोजन समिति के अनिल चोपडा, राजेश वरमेचा, विनोद मेहता ने बताया कि सम्पूर्ण भारत मे रथ यात्रा भ्रमण कर जावरा नगर में आ रही है, समस्त आयोजन श्रीत्रिस्तुतिक श्रीसंघ के तत्वाधान में होगा। समाज के शिखर धारीवाल, मुकेश मेहता, नीलेश सुराणा, सुभाष डूंगरवाल ने सकल जैन समाज से इस अवसर का लाभ लेने की अपील की।



**सम्मान** संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध काउंसिल ऑफ ग्लोबल चेंज ने किया सम्मान

## प्रिंस अली आदिल खान अंतरराष्ट्रीय सम्मान से हुए सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भरूच के पूर्व राजपरिवार के लिए गर्व का क्षण है जब प्रिंस अली आदिल ख़ान को संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्था काउंसिल ऑफ ग्लोबल चेंज द्वारा सम्मानित किया गया है। नवाबज़ादा अली आदिल ख़ान,भरूच के पूर्व राजपरिवार के वर्तमान नवाब हाजी मिर्जा वाजहत अली ख़ान के पुत्र हैं, जो भरूच का शाही घराना का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह सम्मान नवाबज़ादा अली आदिल ख़ान को उत्कृष्ट जनसेवा, सामाजिक विकास, संस्थागत सहयोग और वैश्विक समझ को बढ़ावा देने में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया है। संस्था ने उनके कार्यों को मानवता, शांति और समावेशी प्रगति के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया है। काउंसिल ऑफ ग्लोबल चेंज विश्व के विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी नेताओं का एक अंतरराष्ट्रीय निकाय है, जो संयुक्त राष्ट्र की बैठकों और नीति-निर्माण प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लेता है, जहाँ वैश्विक नीतियों और संरचनात्मक सुधारों पर कार्य किया जाता है।



सम्मान पत्र पर महामहिम राजदूत डेविड जेवियर सांचेज़, सचिव-जनरल, वैश्विक परिवर्तन परिषद तथा मध्य अमेरिकी संसद के स्थायी पर्यवेक्षक और जुआन अरांगो मिलान, सदस्य, डिप्लोमैटिक काउंसिल के हस्ताक्षर हैं।

सम्मान प्राप्त करने पर नवाबज़ादा अली आदिल ख़ान ने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का क्षण है। उन्होंने कहा कि वे भरूच के पूर्व राजपरिवार की मानवीय सेवा और शांति की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, समाज और मानवता के कल्याण के लिए कार्यरत रहेंगे।

यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान न केवल भरूच के पूर्व राजपरिवार के गौरव को विश्व पटल पर पुनस्थापित करता है, बल्कि भारत की ऐतिहासिक राजवंशीय विरासत को भी वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाता है।

**मालवा फिल्म प्रोडक्शन व जियारत ग्रुप ने दी बधाई**

नवाबज़ादा अली आदिल ख़ान को मिले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान पर मालवा फिल्म प्रोडक्शन के फिल्म अभिनेता शैलेन्द्र रैकवार, मोहम्मद रफ़ीक शाह, इक़राम मंसूरी, प्रकाश बारोड, सदाक़त, मुबारिक मंसूरी, फ़िरोज़ ख़ान, शैलेश मारवाड़ी, रईस मंसूरी, जीएल आर्य, रामकुमार परोसिया, मोहम्मद हुसैन, सलमान शरीफ़, तथा डॉ. सुरूत कैफ़ ने बधाई प्रेषित की। इसके साथ ही जियारत ग्रुप के सदस्यों ज़ुल्फ़कार, फ़ैज़ान हुसैन और मुज़म्मिल ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान मानवता और सेवा के क्षेत्र में भारत की पहचान को विश्व पटल पर और अधिक ऊँचा करता है।

## खाचरौद नाका की जर्जर पुलिया का निर्माण कार्य प्रारंभ, बंद रहेगा आवागमन

**जावरा।** सालों बाद नगर के खाचरौद नाका क्षेत्र में स्थित जर्जर पुलिया का कायाकल्प होने जा रहा है। बुधवार से इसका निर्माण कार्य शुरू हो गया। जिसके कारण इस क्षेत्र से वाहनों का आवागमन पूर्णतया बंद रहेगा। वाहन चालकों से पुलिया निर्माण के चलते वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना होगा। सुरक्षा की दृष्टि से इस दौरान भारी वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। उन्हें ग्राम भुतेडा के नजदीक से ही टर्न लेकर निकलना होगा। जबकि जबरन कॉलोनी, गीता भवन होकर सिविल अस्पताल, रतलामी गेट, कृषि उपज मंडी, पहाडिया रोड की तरफ जाने वाले लोगों को रावण दरवाजा से खिडकी दरवाजे के रास्ते का उपयोग करना पडेगा। इसी प्रकार मंडी, अस्पताल, सेजावता की तरफ से आने वाले दुपहिया वाहन चालक बीएलएम पैलेस के सामने से होते हुए काशीराम कॉलोनी के रास्ते होकर गीता भवन पहुंच सकते हैं।

